पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
———————

राज्यपाल ने संजय गाँधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल सांइस की नैक ग्रेडिंग हेतु तैयार सेल्फ स्टडी रिपोर्ट की समीक्षा की

———————

सभी विशेषताओं को रिपोर्ट में समग्रता से हाइलाइट करें

———————

प्रस्तुतिकरण फार्मेट में एकरूपता रखें

———————

नैक में उच्चतम ग्रेड हेतु तैयारी करें

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———————

लखनऊः 09 अगस्त, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन में बतौर कुलाध्यक्ष संजय गाँधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल सांइस, लखनऊ द्वारा नैक हेतु तैयार सेल्फ स्टडी रिपोर्ट की समीक्षा की। बैठक में राज्यपाल जी ने कहा कि एस0जी0पी0जी0आई0 प्रदेश का देश–विदेश स्तर पर विख्यात विशेष चिकित्सा संस्थान है। संस्थान अपनी संस्थागत सभी विशेषताओं को रिपोर्ट में समग्रता से हाइलाइट करें। उन्होंने कहा कि चिकित्सा जगत एवं अकादमिक स्तर पर अन्यतम उपलब्धियाँ संस्थान अर्जित कर चुका है। उन उपलब्धियों को सूचीबद्ध करके नैक के क्राइटेरियावाइज बिंदुवार प्रस्तुतिकरण से जोड़ा जाए।

विश्लेषण के दौरान राज्यपाल जी ने प्रत्येक क्राइटेरिया में गतिविधि की विविधता को दर्शाने वाले फोटो लगाने तथा कैप्शन में उसका विस्तृत विवरण लगाने को कहा। क्राइटेरिया–1 में उन्होंने संस्थान द्वारा ट्रांसजेंडर हित में सम्पादित कार्यों की सराहना की। उन्होंने इन कार्यक्रमों को विशेषता के साथ एस.एस.आर. में दर्शाने व इनके फोटोग्राफ भी प्रस्तुतिकरण में दर्शाने को कहा। क्राइटेरिया–2 के प्रस्तुतिकरण को देखते हुए राज्यपाल जी ने प्रस्तुतिकरण फार्मेट में एकरूपता रखने,

फोटोग्राफ स्पष्ट और दर्शनीय आकार में लगाने को कहा। उन्होंने विद्यार्थियों को नैक की ग्रेडिंग के प्रति जागरूक करके उनको प्रतिभागिता के लिए प्रेरित करने को कहा। राज्यपाल जी ने कहा कि एस.जी.पी.जी.आई.एम.एस. एक विशेष संस्थान है, इसलिए अपनी विशेषताओं को बड़े स्तर पर फोटोग्राफ के साथ जोड़ने को कहा। राज्यपाल जी ने इन्फ्रास्ट्रक्चर के बिंदु पर फोटोग्राफ के साथ प्रस्तुतिकरण की कमी को लक्ष्य किया।

यहां बताते चले कि एस.जी.पी.जी.आई.एम.एस. पहली बार राष्ट्रीय स्तर की ग्रेडिंग नैक के लिए अपनी सेल्फ स्टडी रिपोर्ट तैयार कर रहा है। संस्थान को पहले से अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकनों में उल्लेखनीय स्थान हासिल हैं। अभी हाल ही की क्यू.एस. वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 551 से 600 के वर्ग में स्थान प्राप्त किया है, जबकि एन.आई.आर.एफ. में सर्वोच्च दस में प्राथमिकता से सातवां स्थान प्राप्त किया है। आज की समीक्षा बैठक में संस्थान की प्रत्येक विशेषता को नैक के मानकों के अंतर्गत प्रस्तुत करके उच्चतम ग्रेड प्राप्त करने हेतु विश्लेषण किया गया।

बैठक में संस्थान के निदेशक डॉ0 आर.के. धीमन ने एस.जी.पी.जी.आई की नवीन सुविधाओं पर एक फिल्म भी प्रदर्शित की, जिसमें उन्होंने जानकारी दी कि अब संस्थान में पीडियाट्रिक सेण्टर आफ एक्सीलेंस, डायबिटिक पेशेंट के लिए विशेष सेण्टर, गुर्दा प्रत्यारोपण सेण्टर सहित 04 और नए विभाग शीघ्र प्रारम्भ होने जा रहे हैं। राज्यपाल जी ने इस फिल्म को 2 से 3 मिनट के संक्षिप्त विवरण के साथ प्रस्तुतिकरण में लगाने को कहा। उन्होंने बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन के साथ सशक्त एस.एस.आर. तैयार करने और नैक में भी उच्चतम ग्रेडिंग हेतु दावेदारी रखने हेतु तैयारी करने को कहा।

बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री पंकज जॉनी, संजय गाँधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट, लखनऊ

के निदेशक डॉ0 आर0 के धीमन, संस्थान की नैक हेतु गठित टीम के सदस्य तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

डॉ0 सीमा गुप्ता/कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361